Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:30 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:00 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 251 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 1 अप्रैल 2024



अमेरिकी राजदूत को हुआ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव पहुंचे हरिद्वार

**हरिद्वार।** पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव ने हरिद्वार पहुंचकर श्री दक्षिण काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव हरिद्वार पहुंचे। उन्होंने यहां श्री दक्षिण काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। तेज प्रताप यादव ने श्री दक्षिण काली मंदिर में मां के दर्शन किया। साथ ही भोलेनाथ का पूजन किया। उनका यह कार्यक्रम गोपनीय था।

### भाजपा सांसद घोष व कांग्रेस नेता श्रीनेत को आयोग ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** आयोग ने साथ ही दोनों नेताओं को चेतावनी दी है कि वे अपने बयानों को लेकर सावधान रहें और आयोग की अब उन पर चुनाव के दौरान खास नजर रहेगी। चुनाव आयोग ने भाजपा सांसद दिलीप घोष और कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत को उनके महिलाओं के खिलाफ दिए आपत्तिजनक बयान को लेकर फटकार लगाई है। आयोग ने साथ ही दोनों नेताओं को चेतावनी दी है कि वे अपने बयानों को लेकर सावधान रहें और आयोग की अब उन पर चुनाव के दौरान खास नजर रहेगी।

### मैं सपा नहीं, गठबंधन की विधायक: पल्लवी पटेल

**नई दिल्ली।** अपना दल (कमेरावादी) की नेता पल्लवी पटेल ने एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी के साथ पीडीएम न्याय मोर्चा बनाया है। इस दौरान उन्होंने अखिलेश यादव को चुनौती देते हुए कहा कि मैं सपा की विधायक नहीं हूं, बल्कि गठबंधन से विधायक हूं। अपना दल (कमेरावादी) की नेता और सपा विधायक पल्लवी पटेल ने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर नया गठबंधन बना लिया है।

## मोदी के बयान पर स्टालिन का तीखा प्रहार, भाजपा पर लगाए आरोप

नई दिल्ली
एजेंसी

जयशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद डीएमके प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने कहा कि भाजपा यहां पिछले 10 वर्षों से सत्ता में है। इस दौरान भाजपा सरकार ने कच्चातिवु द्वीप को वापस पाने की कोशिश तक नहीं की। कच्चातिवु द्वीप मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान और केंद्रीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पलटवार किया है। उन्होंने मछुआरों के प्रति अचानक भाजपा का प्यार जागने पर सवाल उठाया है। पीएम मोदी द्वारा



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस मामले को लेकर आलोचना करने के बाद सीएम स्टालिन ने इसे ध्यान भटकाने वाली रणनीति बताया है। मीडिया से बात करते हुए स्टालिन ने कहा, 10 वर्षों से कुंभकर्ण की नींद से उठने के बाद जो मछुआरों के प्रति अपना प्यार दिखा रहे हैं, तमिलनाडु की जनता उनसे तीन सवाल पूछना चाहती हैं। केंद्र सरकार तमिलनाडु द्वारा कर के रूप में दिए गए एक रुपये में से 29 पैसे क्यों लौटाती है? राज्य को दो प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा, इस दौरान केंद्र ने बाढ़ राहत के तौर पर तमिलनाडु को एक भी पैसा क्यों नहीं दिया? वह एक ऐसी परियोजना के बारे में बता दें जिसे पिछले दस वर्षों में उनके द्वारा राज्य में लागू किया गया है? उन्होंने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, ध्यान भटकाने की रणनीति न करके वह (पीएम मोदी) पहले इन तीन सवालों का जवाब दें। इसी के साथ स्टालिन ने हैशटैग के साथ कहा बथिल सोलुंगा मोदी, जिसका मतलब है पीएम मोदी से जवाब मांग रहे हैं।

### कांग्रेस ने देश की अखंडता को किया कमजोर: पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंपने के फैसले को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और पार्टी पर देश की अखंडता और हितों को कमजोर करने का आरोप लगाया। पीएम मोदी की यह प्रतिक्रिया सूचना के अधिकार रिपोर्ट के बाद आई है, जिसमें खुलासा हुआ है कि कैसे तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 1974 में कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था।

शराब नीति मामले में केजरीवाल को राहत नहीं

## कोर्ट ने 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

नई दिल्ली
एजेंसी

शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब केजरीवाल तिहाड़ जेल में रहेंगे।

दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें अब न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कोर्ट ने केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा है। ईडी ने कोर्ट में न्यायिक हिरासत की मांग की थी। अरविंद केजरीवाल की पेशी के दौरान पत्नी सुनीता, आप नेता सौरभ भारद्वाज, आतिशी, गोपाल राय समेत कई नेता मौजूद रहे। बीती 28 मार्च को अरविंद केजरीवाल को कोर्ट ने राहत नहीं दी थी और एक अप्रैल तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया था। ईडी ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। एएसजी राजू ने



### ईडी ने की न्यायिक हिरासत की मांग

अदालत ने कहा कि वह ईडी को समक्ष स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देती हैं, क्योंकि वह ट्रायल कोर्ट के आदेश के अनुसार हिरासत में हैं। अदालत यह स्पष्ट करती हैं कि उन्होंने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ईडी ने न्यायिक हिरासत की मांग की है। एएसजी ने कहा कि केजरीवाल ने अभी तक पासवर्ड साझा नहीं किए है। रमेश गुप्ता और एएसजी राजू वीडियो कॉल के माध्यम से जुड़े।

आरोप लगाते हुए कहा कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे है। राजू ने कहा केजरीवाल सवालों के सीधे जवाब नहीं दे रहे है। राजू ने कहा केजरीवाल सवालों के सीधे जवाब नहीं दे रहे है। अदालत को ये सब बताने का मकसद है कि ईडी आगे भी केजरीवाल की हिरासत की मांग कर सकते है। केजरीवाल पक्ष के वकील ने जेल में कुछ दवाईयां उपलब्ध करवाने के लिए कहा है। साथ ही, तीन किताब की मांग की है, रामायण, हाउ प्राइम मिनिस्टर डिसाइड बाय जर्नलिस्ट नीरज चौधरी, महाभारत। केजरीवाल के वकील ने स्पेशल डाइट की मांग की है।

## प्रदेशभर में मार्च में ही गर्मी ने दिखाए तेवर, दो साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

दिनभर गर्म हवा और तेज धूप के साथ हल्द्वानी में लगातार दूसरे दिन मार्च की गर्मी ने दो साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस साल और सीजन का ही नहीं बल्कि पिछले मार्च से भी अधिक है। उधर दिल्ली सहित आसपास के क्षेत्रों में अगले तीन दिनों के दौरान एक पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिलेगा।

गर्म हवा और तेज धूप के साथ हल्द्वानी में लगातार दूसरे दिन तापमान ने कई साल का रिकार्ड तोड़ दिया है। रविवार को हल्द्वानी का तापमान 36.3 डिग्री पहुंच गया जो पिछले 15-16 सालों में सबसे अधिक दर्ज किया गया है। हल्द्वानी का न्यूनतम 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि मुक्तेश्वर का अधिकतम 21.4 और न्यूनतम 9 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। इससे पहले 31 मार्च 2021 को हल्द्वानी का अधिकतम तापमान 36 डिग्री गया था हालांकि इस बार यह और ज्यादा है। एक दिन पहले शनिवार को भी उमस भरी गर्मी में तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था जो 30 मार्च को



15 सालों में सबसे अधिक रिकार्ड किया गया।

पंतनगर विवि के मौसम जानकार डॉ. आरके सिंह के अनुसार इस साल अप्रैल माह में हर दिन तापमान का नया रिकार्ड बनेगा जो कई सालों का कीर्तिमान बनाने जा रहा है।

नैनीताल नगर में रविवार को दिनभर मौसम खुशनुमा रहा। सुबह नगर के आसमान में बादल छाए हुए थे, लेकिन दस बजे के बाद धूप खिलने लगी थी। दिन में अच्छी धूप रही, लेकिन शाम को फिर बादल आने शुरू हो गए। शाम को हल्की ठंड रही। नगर में अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहा।

## कालाढूंगी का युवक रातों-रात ड्रीम 11 टीम बनाकर जीता एक करोड़

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी के पास कालाढूंगी का युवक रातोंरात करोड़पति बन गया है। युवक मजदूरी करता है। उसने बताया कि वह पिछले छह साल से ड्रीम 11 पर क्रिकेट टीम बनाकर गेम खेल रहा था। इस बार किस्मत चमकी और एक करोड़ रुपए जीत गया।

उत्तराखंड के कालाढूंगी का युवक रातोंरात करोड़पति बन गया है। युवक मजदूरी करता है। उसने बताया कि वह पिछले छह साल से ड्रीम 11 पर क्रिकेट टीम बनाकर गेम खेल रहा था। इस बार किस्मत चमकी और एक करोड़ रुपए जीत गया। अब उसका सपना पूरा हो



गया है। इस राशि के जीतने के बाद युवक का परिवार बेहद खुश है। कालाढूंगी के वार्ड नंबर 2 निवासी हरीश आर्य ने ड्रीम 11 में एक करोड़ की धनराशि जीती है। गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले युवक ने कहा कि वह जीती धनराशि से अपने लिए मकान बनाने के साथ ही अपनी बहन की शादी करेगा। बता दें कि, हरीश आर्य के पिता कैलाश आर्य राजमिस्त्री का काम करते हैं।

## साधा निशाना: ओवैसी ने मुख्तार अंसारी के बेटे को लगाया गले

नई दिल्ली
एजेंसी

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार की रात गाजीपुर के मोहम्मदाबाद में मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात की। माफिया मुख्तार की मौत के बाद एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी रविवार को मुहम्मदाबाद पहुंचे।

ओवैसी ने मुख्तार अंसारी की मौत पर शोक जताने रविवार की देर रात पहुंचे। ओवैसी लखनऊ से सीधे मुहम्मदाबाद में सांसद अफजाल अंसारी के फाटक स्थित आवास पर पहुंचे। इस दौरान समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी भी मुख्तार अंसारी की मौत पर शोक जताने रविवार की देर रात पहुंचे। वह लखनऊ से सीधे मुहम्मदाबाद में



सांसद अफजाल अंसारी के फाटक स्थित आवास पर पहुंचे। जहां फाटक पर मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को गले लगाया।

वहीं, उनके साथ खाना भी खाया। 40 मिनट तक बातचीत भी हुई। उधर, इसके पहले ओवैसी के आने की खबर लगने पर समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मुख्तार अंसारी के भतीजे व विधायक शोहेब अंसारी ने माइक लेकर लोगों से जाने की अपील किया।

उधर, पुलिस ने फिर से फाटक के पास बैरिकेडिंग कर दिया। साथ ही फोर्स की तैनात कर दिया और मीडिया कर्मियों को भी बैरिकेडिंग के बाहर गया। उधर, मुख्तार अंसारी के भतीजे व विधायक शोहेब अंसारी ने माइक लेकर लोगों से जाने की अपील किया। मुलाकात के बाद ओवैसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मरहूम मुख्तार अंसारी के घर गाजीपुर जाकर उनके खानदान को पुरसा दिया, इस मुश्किल वक्त में हम उनके खानदान, समर्थक और चाहने वालों के साथ खड़े हैं। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि इंशा अल्लाह इन अंधेरों का जिगर चीरकर नूर आएगा, तुम हो फिरौन तो मूसा भी जरूर आएगा।

### जेल में दवाओं के साथ व्यायाम भी करता था मुख्तार

मुख्तार अंसारी का हेल्थ डोजियर भी तैयार किया जा रहा है। इसमें मुख्तार को कौन-कौन सी बीमारियां थीं। किन डॉक्टरों को कब-कब दिखाया। कौन-कौन सी दवाएं चल रहीं थी इसकी भी रिपोर्ट बनाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक दूसरी बार मुख्तार जब से मंडलीय कारागार आया है, उसे आठ से 10 बीमारियां थीं।

# नैनीताल जिले में तीन से पीठासीन व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से कराने के लिए नैनीताल जिले की छह विधानसभाओं के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रशिक्षण तीन अप्रैल से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण सात अप्रैल तक चलेगा।

यह जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी मतदान व मतगणना हिमांशु जोशी ने बताया कि माइक्रो आब्जर्वर एवं सेक्टर आफिसर का प्रशिक्षण तीन अप्रैल को प्रात: 10 बजे से दिया जायेगा। विधानसभा लालकुआं के पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रशिक्षण चार अप्रैल, विधानसभा नैनीताल का चार अप्रैल, विधानसभा भीमताल व हल्द्वानी का पांच अप्रैल, विधानसभा कालाढूंगी व रामनगर का छह अप्रैल को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सात अप्रैल को वलनरेबल मतदान केंद्रों में नियुक्त माइक्रो आब्जबरों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।



जोशी ने बताया कि प्रशिक्षण दो पालियों में प्रात: 10 से अपराह्न एक बजे तथा अपराह्न दो से सायं पांच बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण जनरल विपिन रावत सभागार उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय तथा राजकीय मेडिकल कालेज सभागार में दिया जायेगा। जोशी ने नियुक्त पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय एवं माइक्रो आब्जर्बर को निर्देश दिये हैं कि ससमय प्रशिक्षण में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## बैठक: भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पहुंचे अल्मोड़ा कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा कार्यालय पातालदेवी में कार्यकर्ताओं की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा। दोनों नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी, इसमें कोई शंका नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव में जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, इस पर उन्हें खरा उतरना होगा। भाजपा संगठित पार्टी है। सभी को एकजुट होकर अपने प्रत्याशी को भारी मतों से जिताना होगा। राज्यसभा सदस्य बंसल ने कहा कि कार्यकर्ताओं को गांव-गांव पहुंचकर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं को जागरूक करना होगा।

इस मौक पर कांग्रेस के पूर्व दर्जाधारी एके सिकंदर ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह नयाल, सुरेश कांडपाल, रवि रौतेला, राजीव गुरुरानी, कुंदन लटवाल आदि मौजूद रहे।

## आरोही बाल संसार विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले की प्रमुख आरोही संस्था द्वारा संचालित आरोही बाल संसार विद्यालय के वार्षिकोत्सव एवं हाई स्कूल हेतु नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि संजय अग्रवाल (प्रबंध निदेशक श्री भारत इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड नोएडा) के करकमलों द्वारा हुआ।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अग्रवाल एवं आरोही अध्यक्ष डॉ.कर्नल चन्द्र शेखर पन्त (वीएसएम) द्वारा पूजा अर्चना एवं शिलापट्ट के अनावरण के साथ हुआ, तत्पश्चात पौधरोपण विद्यालय परिसर में किया गया। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि एवं मंचाशीन अतिथियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रधानाचार्य आरोही बाल संसार बृजेश कुमार ने उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत किया और शैक्षिक सत्र की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जबकि विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षा ने विद्यालय के द्वारा किये



जा रहे प्रयासों की सराहना की तथा अभिभावकों के द्वारा पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। डॉ. तिवारी ने बताया कि विद्यालय में वोकेशनल ट्रेनिंग (कारपेंटर ,प्लंबरिंग व इलेक्ट्रिशियन) का शुभारम्भ के साथ जल्द होगा।

संस्था अध्यक्ष डॉ. कर्नल चन्द्र शेखर पन्त (वीएसएम) के द्वारा शिक्षा को मूल्यों से जोड़ते हुए एक बेहतर एवं सफल इंसान बनने हेतु जोर दिया गया। कर्नल बेटियों की शिक्षा हेतु हर संभव प्रयास करते हैं। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि मुख्य अतिथि द्वारा पूर्ण रूप से वित्तीय सहयोग दिया गया है जिसके उपरान्त एक विज्ञान प्रयोगशाला प्रयोग सहित एवं चार कक्षा-कक्षों का निर्माण किया गया है। मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में आरोही द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की, उन्होंने एबीएस की शिक्षा पद्धति की विशेष प्रशंसा की, एबीएस में प्रत्येक विद्यार्थी को कंप्यूटर, पुस्तकालय, स्पोर्ट्स तथा आर्ट एण्ड क्राफ्ट, नृत्य एवं संगीत के अवसर प्रदान करने के प्रयास को विशेष सराहा तथा विद्यालय को नयी ऊँचाइयों पर पहुँचाने हेतु शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि ने विद्यालय, अस्पताल एवं आजीविका इकाई का भ्रमण करने के पश्चात् संस्था के अधिशासी निदेशक एवं टीम की विभिन्न पहलुओं से प्रसंशा की। इस अवसर पर आरोही प्रबन्ध समिति के सदस्य तथा समस्त कार्यकर्त्ता व अभिभावक, स्थानीय शुभचिंतक एवं आरोही के वरिष्ट सहयोगी उपस्थित रहे।

## वन विभाग ने कटे हुए तुन के पेड़ों को बरामद किया

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के दूरस्थ वन आरक्षित क्षेत्र में दो तुन के पेड़ काटे गए हैं। शिकायत मिलने के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र में कटे हुए पेड़ों को बरामद कर लिया है, जिसके बाद से विभाग मामले की जांच में जुट गया है।

बता दें कि बीते दिनों नैनीताल वन विभाग को नैनीताल के दूरस्थ क्षेत्र बेल ग्राम पंचायत के समीप के जंगल में तुन के कच्चे पेड़ काटने की शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने के बाद वन विभाग की टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। दो दिन जंगल का जायजा लेने के बाद विभाग को जंगल में तुन के दो बड़े कच्चे पेड़ कटे लि गए हैं। नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि बेल के हैड़ी गांव के समीप वन आरक्षित क्षेत्र में तुन के पेड़ कटने की सूचना उनको मिली थी।

विभाग की टीम के निरीक्षण के बाद दो तुन के कटे हुए पेड़ जंगल में बरामद हुए हैं। पेड़ किसने काटे हैं यह पता नहीं लग पाया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। पेड़ काटने वाले का पता लगते ही उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## NEWS / फटाफट

### हर्षोल्लास से मनाया ईस्टर का पर्व

**नैनीताल ।** समीपवर्ती ज्योलीकोट में ईसा मसीह के पुनर्जीवित होने की खुशी में ईस्टर का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। संत एंथोनी चर्च में पल्ली पुरोहित फादर नेल्सन ने देर रात्रि और रविवार की प्रातः विशेष प्रार्थना सभा में ईसा मसीह से जुड़े प्रसंगों और उपदेशों का वाचन करते हुए उन्हें जीवन में पालन करने की जरूरत बताई। बता दें कि मान्यता है कि ईस्टर के 40 दिन तक ईसा मसीह धरती पर रहे, और बाद में स्वर्ग को चले गए। यही वजह है कि इस त्यौहार को 40 दिनों तक मनाने की परंपरा है। लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी और सुखी जीवन की कामना की।

### दुर्घटना के आरोपी स्कूटी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** दुर्घटना के आरेपी स्कूटी सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर मृतक के पिता की ओर से पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम हरिपुर केशव पोस्ट अर्जुनपुर निवासी रवि प्रकाश पुत्र प्रकाश राम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र रोहित कुमार अपनी बाइक से 26 मार्च को हल्द्वानी जा रहा थ। जब वह बरेली रोड में नागपाल शोरूम पुरानी आईटीआई के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे स्कूटी ने उसके पुत्र की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में उसके पुत्र की मौत हो गई। पीड़ित पिता ने दुर्घटना के आरोपी स्कूटी सवार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### हल्द्वानी में महिला रामलीला आज से

**हल्द्वानी।** कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी में आज सोमवार से महिला रामलीला का आयोजन पर्वतीय उत्थान मंच में हीरानगर में किया जाएगा। रामलीला रोजाना शाम पांच बजे से रात आठ बजे तक होगी। यह जानकारी आयोजक पुनर्नवा महिला समिति पदाधिकारी शांति जीना ने दी। रामलीला का आयोजन 11 अप्रैल तक किया जाएगा। रामलीला में 65 महिलाएं वि िान्न पात्रों की ूमिका में नजर आएंगी, पहले दिन नारद मोह, रावण, कुंभकर्ण तैयार की लीला का मंचन किया जाएगा, कल दो अप्रैल को रामजन्म होगा। इधर रामलीला के लिए उत्थान मंच के मैदान में तैयारियों पूरी हो चुकी हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत


## क्रिकेट: मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप व न्यू चैलेंजर्स के बीच फाइनल मुकाबला, मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप ने की जीत दर्ज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

डीएसए मैदान नैनीताल में केनरा बैंक नैनीताल द्वारा प्रायोजित स्वर्गीय एनके आर्या मैमोरियल क्रिकेट कप 2024 का फाइनल मुकाबला रविवार को मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप एवं न्यू चैलेंजर्स के मध्य खेला गया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप ने निर्धारित 20 ओवरों में 117 रनों का लक्ष्य रखा। अन्तिम ओवर तक हुए रोमांचक मुकाबले में 7 रनों से मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप ने जीत दर्ज की। विनीत पाठक मैन ऑफ द मैच रहे। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी माउंटेन वॉरियर्स के अभिषेक आर्या, बैट्समैन न्यू चैलेंजर्स के मनोज ढैला समेत गेंदबाज न्यू चैलेंजर्स के गौरव खरायत जबकि विकेट कीपर मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप के पंकज खुल्वे वहीं क्षेत्ररक्षक न्यू चैलेंजर्स के देवाशीष अधिकारी रहे।



मुख्य अतिथि प्राची आर्या, विशिष्ट अतिथि मनोज साह अध्यक्ष श्री राम सेवक सभा एवं पुनीत टंडन अध्यक्ष श्री मां नयना देवी व्यापार मंडल तथा बिशन सिंह मेहता प्रधानाचार्य भारतीय शहीद सैनिक स्कूल व उपाध्यक्ष डीएसए तथा विमल चौधरी, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं आयोजक सचिव मोहित आर्या ने सामूहिक रूप से विजेता व उप विजेता टीमों के प्रतिभागियों को पुरूस्कार वितरण किया। स्कोरर मोहित बिष्ट रहे। अंपायर सौरभ रावत, वसीम व अर्जुन बिष्ट एवं जगन चौधरी रहे। इस दौरान प्रमोद कुमार, हरीश राणा, अनिल कुमार, छात्रसंघ अध्यक्ष उत्कर्ष बिष्ट, विपिन खुल्बे, हरीश आर्या, मुकेश कुमार, मोहित साह, शुभम कुमार, संजय बर्गली, शशांक कपकोटी व सौरभ कुमार समेत खेल प्रेमी मौजूद रहे। संचालन नवीन पांडे ने किया।

## पर्यटक सीजन को देखते हुए नैनीताल से हल्द्वानी के लिए रोडवेज की तीन बसें बढ़ाई

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

रोडवेज प्रबंधन की ओर से ग्रीष्मकालीन पर्यटक सीजन को देखते हुए नैनीताल से हल्द्वानी के लिए रोडवेज की तीन बसें बढ़ायी गई हैं इससे पर्यटकों समेत आम जनों को अब काफी राहत मिलेगी।



बता दें कि नैनीताल में पर्यटक सीजन के दौरान पर्यटकों की अधिक भीड़ के कारण स्थानीय यात्रियों व पर्यटकों को यात्रा करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है जिस कारण रोडवेज की तीन बसें बढ़ायी गई हैं। सामान्य तौर पर नैनीताल से हल्द्वानी के लिए 20 बसें चलायी जाती हैं, जो रोजाना चालीस चक्कर लगाती हैं। नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ को देखते हुए रोडवेज की ओर से तीन बसों को बढ़ाया गया है,जो रोजाना 6 चक्कर लगा रही हैं,जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को यात्रा के दौरान परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ रहा है।रोडवेज बुकिंग क्लर्क राकेश कुमार ने बताया कि पर्यटन सीजन को देखते हुए रोडवेज की तीन बसें बढ़ायी गई हैं,जो हर रोज अतिरिक्त 6 चक्कर लगा रही हैं जिससे स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों को भी यात्रा करने में सुविधा उपलब्ध हो रही है।

# अभिमत

## एक साथ चुनाव

*वर्ष 2029 में लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की उम्मीद जताई जा रही है। रिपोर्ट की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विधानसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव अथवा उपचुनाव के बारे में उल्लेख किया गया। यही मुद्दा एक साथ चुनाव में सबसे बड़ी बाधा है। दलबदल पर अंकुश के प्रयास किये गये, परन्तु समाधान नहीं हो सका। कुछ वर्षों से चुनाव के बाद किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने पर विधायकों की खरीदफरोख्त शुरू हो जाती है और करोड़ों रुपये खर्च करके सरकार बनाई जाती है। जोड़तोड़ की सरकार का भविष्य सुरक्षित नहीं होता है। सरकार गिर जाने पर उपचुनाव की नौबत आ जाती है। एक साथ चुनाव के लिए दलबदल, विधायकों की खरीद-फरोख्त, चंदे के नाम पर कालेधन का इस्तेमाल आदि का समाधान करना होगा।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दस साल के शासन में बहुत से बदलाव किये हैं, जिससे शासन व प्रशासन की व्यवस्था का संचालन सुधरा है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है। स्थिरता व स्थायित्व अच्छा माना जाता है, परन्तु पुराना होने पर परेशानी भी होती है। कुछ नया करने का गुण हर व्यक्ति में नहीं होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तिगत जीवन अन्य नेताओं से अलग है। उनके काम करने की शैली भी अलग है। प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक बार ऐसे निर्णय किये, जिसके बारे में लोगों ने सोचा भी नहीं था। सरकारी मशीनरी को दुरुस्त करने के प्रयास किये गये हैं। भ्रष्टाचार खत्म करने की कवायद की जा रही है, हालांकि अभी तक भ्रष्टाचार मिट नहीं पाया है। लोकतंत्र की बुनियाद चुनाव है। चुनाव प्रक्रिया में सुधार के प्रयास हमेशा होते रहे हैं। सबसे बड़ा क्रांतिकारी कदम तत्कालीन मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन ने उठाया था, जब उन्होंने मतदाता पहचान पत्र बनाने का निर्णय लिया। करीब-करीब सभी राजनीतिक दल मतदाता पहचान पत्र के खिलाफ थे। टीएन शेषन को न्यायालय तक पहुंचना पड़ा। चुनाव प्रणाली में मतदाता पहचान पत्र का प्रावधान सबसे अहम सुधार है। फर्जी मतदान पर रोक लगी। इसके बाद इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन से तकनीकी सुधार हुआ। लोकसभा, विधानसभा, स्थानीय निकाय आदि के चुनाव पांच साल में कराने का प्रावधान है, लेकिन देश में कहीं न कहीं अक्सर चुनाव होते रहते हैं। राज्यों में विधानसभा का कार्यकाल अलग-अलग पूरा होता है। स्थानीय निकाय और ग्राम पंचायत के चुनाव भी देश के किसी न किसी क्षेत्र में होते रहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक देश, एक चुनाव' के तहत लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव पूरे देश के एक साथ कराने के लिए समिति का गठन किया। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित समिति ने रिपोर्ट दे दी है। वर्ष 2029 में लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने की उम्मीद जताई जा रही है। रिपोर्ट की प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विधानसभा में सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव अथवा उपचुनाव के बारे में उल्लेख किया गया। यही मुद्दा एक साथ चुनाव में सबसे बड़ी बाधा है। दलबदल पर अंकुश के प्रयास किये गये, परन्तु समाधान नहीं हो सका। कुछ वर्षों से चुनाव के बाद किसी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने पर विधायकों की खरीदफरोख्त शुरू हो जाती है और करोड़ों रुपये खर्च करके सरकार बनाई जाती है। जोड़तोड़ की सरकार का भविष्य सुरक्षित नहीं होता है। सरकार गिर जाने पर उपचुनाव की नौबत आ जाती है। एक साथ चुनाव के लिए दलबदल, विधायकों की खरीद-फरोख्त, चंदे के नाम पर कालेधन का इस्तेमाल आदि का समाधान करना होगा।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने बैंणी सेना की बैठक ली

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायद तेज हो गई है। स्वीप टीम के साथ ही बूथ अवेयरनेस ग्रुप (बीएजी) को सक्रिय किया गया है। इस ग्रुप में शामिल बैंणी सेना की महिला सदस्यों को सोमवार को नगर निगम सभागार में महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने निगम स ाागार में बैंणी सेना की बैठक ली। इस दौरान वाजपेयी ने बताया कि हर बूथ में बूथ अवेयरनेस ग्रुप बनाये गये हैं, इसमें नोडल अधिकारियों के साथ ही बैंणी सेना को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले चुनाव में हल्द्वानी विधानसभा का मत प्रतिशत 62 प्रतिशत रहा जो कम है। अब इसे बढ़ाकर 75 से 80 प्रतिशत करने का लक्ष्य तय किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि बैंणी सेना घर-घर जाकर यूजर चार्ज वसूल रही है, ऐसे में वह लोगों से ाली ांति परिचित है। उन्होंने कहा कि बैंणी सेना से निष्क्रिय मतदाताओं को चिह्नित कर मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। ऐसे मतदाता जो वोट नहीं करते, उन्हें ा बूथ तक पहुंचाना जरूरी है। बैठक में तहसीलदार सचिन कुमार समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।




### यहां अधिक जागरुकता की जरुरत

नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने बताया कि पिछले चुनाव में रानीबाग में 29 प्रतिशत मतदान हुआ, जो काफी कम है। उन्होंने ऐसे बूथों पर भी विशेष तौर पर मतदाताओं को जागरूक करने को कहा।

### बैठक

- हल्द्वानी विधानसभा का मतदान प्रतिशत 62 से 75 करने का लक्ष्य
- मतदाताओं को जागरुक करने के दिये टिप्स

## विराट का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



**हल्द्वानी।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय विजयपुर के छात्र विराट सिंह का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ है। इस विद्यालय के बच्चों का बीते चार सालों से जवाहर व राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में चयन हो रहा है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश फुलारा व शिक्षक रमेश रौतेला, शिक्षक संघ के मंत्री डिकर सिंह पडियार, शुभम बिष्ट, संतोष रौतेला, लीला करायत, गीता अधिकारी, ज्योति आर्या, आशा नेगी, सिद्धार्थ पंत, सुनीता, अमित जोशी आदि ने हर्ष जताते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# आपात स्थिति से बचने के लिए लगाई जाती है धारा 144

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

देश में चुनाव का माहोल चल रहा है वही लोगो को सुनने में आ रहा है की देश में चुनाव संहिता लग गई है ओर उसमे धारा 144 लागू हो गई है। लोग धारा का नाम सुनते ही लोग भ्रमित हो जाते है ओर डर जाते है। जिस भ्रम को दूर करने के लिए रविवार को हाईकोर्ट के अधिवक्ता एम भारतीय जागरूकता समिति के अध्यक्ष ललित मिगलानी से जानते है की क्या होती है धारा 144 मिगलानी ने बताया देश में कहीं भी सुरक्षा की दृष्टि को लेकर संदेह होता है। उसके लिए धारा-144 लागू किया जाता है। कहीं, विधानसभा, लोक सभा या पंचायत चुनाव हों या फिर कैसे भी चुनाव हों, तब भी धारा-144 लागू की जाती है। साथ ही कहीं अगर बवाल, हिंसा या दंगा हो जाए तो धारा-144 लागू की जा सकती है। इससे लोगों को एक साथ रहने की आजादी नहीं रहती है। बता दें कि धारा 144 और इसे लागू कौन करत है। अगर लागू हो जाए तो लोगों को क्या करना चाहिए।

जाने क्या है धारा 144 और इसे लागू क्यों किया जाता है। धारा 144 का



मुख्य मकसद कई लोगों को एक जगह पर इकट्ठा होने से रोकना है शासन यह धारा तब लागू करती है जब लोगों की कट्टा होने से कोई खतरा हो सकता है। क्या है धारा 144 और कब लगाई जाती है। धारा लागू करने के लिए इलाके के जिलाधिकारी द्वारा एक नोटिफिकेशन जारी किया जाता है। सीआरपीसी की धारा 144 शांति कायम करने या किसी आपात स्थिति से बचने के लिए लगाई जाती है।


किसी तरह के सुरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी खतरे या दंगे की आशंका हो। धारा 144 जहां लगती है, उस इलाके में 5 या उससे ज्यादा आदमी एक साथ जमा नहीं हो सकते। वहीं बताते चले कि गैरकानूनी तरीके से इकट्ठे होने पर किसी भी व्यक्ति के खिलाफ दंगे में शामिल होने के लिए मामला दर्ज किया जा सकता है। इसके लिए अधिकतम 3 साल कैद की सजा हो सकती है।

क्या धारा 144 का मतलब कर्फ्यू होता है?,सेक्शन 144 और कर्फ्यू एक चीज नहीं है, दूसरी ओर कर्फ्यू लोगों को एक विशेष समय के लिए घर के अंदर रहने का आदेश देता है। इसलिए अधिकारी कुछ निश्चित समय के लिए कर्फ्यू लगा सकते हैं। समय इसमें काफी महत्वपूर्ण होता है। हालांकि यदि आवश्यक हो तो अधिक कर्फ्यू की अवधि को बढ़ा भी सकते हैं, यदि आप कर्फ्यू के दौरान बाहर निकलना चाहते हैं तो आपको स्थानीय पुलिस से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होती है।

कर्फ्यू के दौरान सिर्फ आवश्यक सेवाओं को ही चालू रखने की अनुमति दी जाती है। इस दौरान ट्रैफिक पर भी पूरी तरह से पाबंदी रहती है। मिगलानी का कहना है की धारा 144 से डरने की जरूरत नहीं है बस उसको समझने की जरुरत है ताकि लोग सतर्क रहे एह एक प्रकार से समाज को सुरक्षित रखने की व्यवस्था है ताकि कोई अराजक तत्व इसका दुरुपयोग न कर सके सतर्क रहे सुरक्षित रहे।

## फिल्मी दुनिया

# अमेरिकी राजदूत को हुआ दुनियाभर में शाहरुख की दीवानगी का एहसास



*अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने शाहरुख खान के साथ मुलाकात की यादें ताजा की हैं। साथ ही कार्यालय का हाल बताकर हर किसी को दंग कर दिया है। बॉलीवुड के किंग यानी शाहरुख खान की दुनिया दीवानी है। इंडस्ट्री के दिग्गज समेत हॉलीवुड स्टार्स भी बादशाह की तारीफ करते नजर आते रहते हैं। इसी लिस्ट में अब अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी का भी नाम जुड़ गया है। भारत में अपने पहले कुछ हफ्तों के दौरान बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ अपनी मुलाकात को याद करते हुए, गार्सेटी ने बड़ा खुलासा किया है। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने एक इंटरव्यू में कहा कि यह जानकर कि वह शाहरुख से मिले, उनके कार्यालय में हर कोई पागल हो गया, और पहले तो इस पर विश्वास नहीं कर सका। गार्सेटी के मुताबिक, उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि देशभर में शाहरुख खान के लिए कितना प्यार है, यह उन्हें तब पता चला जब उनके ऑफिस में लोगों ने उनसे सवाल किया, हे भगवान, क्या आप जानते हैं कि आप किससे मिले थे? गार्सेटी ने किंग खान के बंगले की अपनी यात्रा के बारे में साझा करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (तब ट्विटर) का सहारा लिया था। अमेरिकी दूत ने लिखा था, क्या यह मेरे बॉलीवुड डेब्यू का समय है? सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ उनके आवास मन्नत पर शानदार बातचीत हुई, मुंबई में फिल्म इंडस्ट्री के बारे में और अधिक सीखा और दुनिया भर में हॉलीवुड और बॉलीवुड के विशाल सांस्कृतिक प्रभाव पर चर्चा की। इस मजेदार कैप्शन के साथ, गार्सेटी ने शाहरुख के साथ तस्वीरें भी साझा कीं, जहां वह कैमरे के लिए पोज देते नजर आ रहे थे।*

### गार्सेटी का बड़ा बयान

*गार्सेटी ने कहा, हमने क्रिकेट पर बात की थी, क्योंकि निश्चित रूप से वह एक क्रिकेट टीम मालिक के रूप में शामिल थे। वह लॉस एंजिल्स टीम का हिस्सा हैं। यह बात जानकर कि मैं उनसे मिला मेरे कार्यालय में हर कोई पागल हो गया था। विशेष रूप से, गार्सेटी ने पिछले साल मई में मुंबई में अभिनेता के आवास मन्नत में शाहरुख खान से मुलाकात की थी और बॉलीवुड और दुनिया भर में सिनेमा के विशाल सांस्कृतिक प्रभाव पर चर्चा की थी।*

# 16 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

आगामी लोक सभा चुनाव के चलते प्रभावी आदर्श आचार संहिता के अनुपालन को लेकर रूटीन चैकिंग अभियान में कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कोतवाली पुलिस ने 16 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है, जिसके विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया।

जानकारी के मुताबिक शनिवार देर शाम मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता तथा कांस्टेबल मनोज जोशी अन्य पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान में जुटे हुए थे। इस दौरान कालाढूंगी की ओर से स्कूटी पर सवार एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस के समीप पहुंचने पर युवक सकपका गया और भागने का प्रयास करने लगा। इस बीच उसने जेब से एक पुडिया निकाल कर फेंकने का भी प्रयास किया मगर पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुडिया में स्मैक बरामद हुई। जिसे तत्काल गिरफ्तार कर कोतवाली मल्लीताल लाया गया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि स्नो व्यू निवासी अभिषेक टांक के पास से 16 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसके विरुद्ध एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया।



News कॉर्नर

## रंगे हाथ पकड़ा साइकिल चोर



**हल्द्वानी।** लाइब्रेरी के बाहर से साइकिल चुराकर भाग रहे एक युवक को रंगे हाथ पकड़ कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अमृता आश्रम बिठौरिया नंबर एक निवासी रजत पाण्डे पुत्र दीप चंद्र पाण्डे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसकी लाइब्रेरी के बाहर सीसीटीवी में साइकिल चोरी करता हुआ एक युवक दिखाई दिया। युवक साइकिल चुरा कर वहां से भाग गया। जब उसका पीछा किया गया तो उक्त युवक ने साइकिल एक दुकान की बेसमेंट में छिपा दी जिसे उसे वहां से रंगे हाथ पकड़ लिया गया। साइकिल एवॉन रेपिडो मोहन सिंह बोहरा निवासी बिठौरिया की थी। पुलिस ने साइकिल चोर चेतन आर्या पुत्र सुरेश आर्या निवासी चौपुला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चाकू समेत एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि लोनिवि गोदाम के पास स्कूटी सवार एक युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पकड़ा गए आरोपी ने अपना मोहम्मद रिजवान निवासी मोहम्मदी चौक इन्दिरा नगर बताया। जब उससे स्कूटी के कागजात दिखाने को कहा तो वह कागज नहीं दिखा पाया। पुलिस ने स्कूटी सीज कर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# रोजेदारों के लिए बेहद खास होता है रमजान का तीसरा अशरा

उत्तरांचल दीप

सलीम खान, हल्द्वानी

मुकद्दस माह रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है। पहले दो अशरे आज सोमवार को मुकम्मल(पूरे) हो गए हैं। वहीं तीसरे अशरे में मस्जिदों में ऐतकाफ करने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी अशरे की ताक (विषम) रातों में शब-ए-कद्र भी आती है 21 से 30 तक तीसरा अशरा मनाया जायेगा। इसकी भी कुछ खास बातें होती हैं जो रोजेदारों के लिए बेहद ही खास होता है। इस्लाम धर्म में माहे रमजान में अल्लाह ने हर बालिग मर्द और औरत पर रोजे फर्ज किए हैं, तो रात को इशा की नमाज के बाद बीस रकात तरावीह की नमाज का भी हुक्म दिया है। इबादत के साथ रमजान माह में साहिबे-निसाब मुस्लिम समुदाय के लोगो पर माल-ओ-दौलत पर ढाई फीसद की दर से जकात निकालकर गरीब मिस्कीनों को देते हैं। रमजान को इबादत के बाद मिलने वाले ईनाम के हिसाब से तीन अशरों में तकसीम किया गया है। पहला अशरा रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नुम(नर्क) से निजात का है। अस्ताना मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद जाबिर ने बताया पहले दस दिन अल्लाह की रोजेदारों पर बेशुमार रहमते बरसती हैं। रमजान के दूसरे अशरे में अल्लाह ताला रोजेदार नेक बंदों की मगफिरत फरमाता है और बीस से तीस रोजों के दरमियान तीसरे अशरे में जहन्नुम से निजात फरमा देता है। आखिरी दस दिन रोजेदार ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अल्लाह से तौबा करें। आखिरी अशरे की ताक रातों यानी विषम तारीखों की रातों में शबे-कद्र भी आती है। शबे-क़द में मांगी गई दुआ अल्लाह सीधे कबूल फरमाता है। आखिर अशरे में घर परिवार छोड़कर मस्जिदों में ठहरने को ऐतकाफ कहते हैं। लिहाजा मस्जिदों में आज से ऐतकाफ का सिलसिला भी शुरू हो गया। बुजुर्ग मस्जिदों के कोने में दस दिन का ऐतकाफ करने लगे हैं, जोकि चांद देखकर ईद मनाने के लिए मस्जिदों से बाहर आएंगे।



### मस्जिदों एतेकाफ पर बैठे लोग

एतकाफ क्या है रमजान के आखिरी अशरे में ऐतकाफ यानी प्रवास किया जाता है। इसका मतलब होता है कि इंसान अपनी सभी जिम्मेदारियों से खुद को अलग कर दस दिन अल्लाह की इबादत के लिए वक्फ कर दे। बीसवें रोजे से ईद का चांद दखने तक दुनियादारी से दूर मस्जिद में ठहरकर इबादत करे। एतकाफ करना सुन्नत-ए-मोक्किदा है। इसका मतलब मस्जिद के ऐतराफ के लोगों में एक शख्स भी ऐतकाफ में बैठ जाए तो पूरी आबादी की सुन्नत अदा हो जाती है। मस्जिदों में एक से लेकर कई-कई शख्स आज से एतकाफ करेंगे।

# अनियंत्रित कार पोल से टकराई अंधकार में डूबा काशीपुर, दो घायल

काशीपुर

हमारे संवाददाता

काशीपुर में देर रात सड़क दुर्घटना के चलते आधे शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। राजकीय पॉलिटेक्निक के ठीक सामने एक कार अनियंत्रित होकर 11 हजार केवी लाइन से टकरा गई जिससे दो खंभे क्षतिग्रस्त होकर टूट गए। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए हैं।

काशीपुर में बीती रात हुई दुर्घटना के चलते आधा शहर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। राजकीय पॉलिटेक्निक के ठीक सामने एक कार अनियंत्रित होकर 11 हजार केवी लाइन से टकरा गई जिससे दो खंभे क्षतिग्रस्त होकर टूट गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के आगे के हिस्से के परखच्चे उड़ गए हैं। यह सड़क हादसा देर रात एक बजे के बाद की बताई जा रही है। कार सवार लोगों को अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है की कार में दो लोग सवार थे जिनकी हालत अब ठीक है। दुर्घनाग्रस्त कार के भीतर सभी एयर बैग खुले हुए थे। उधर इस दुर्घटना के परिणामस्वरूप आधे शहर को विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए मौके पर पहुंच गए हैं। अगले कई घंटे के तक विद्युत आपूर्ति बहाल होने की संभावना है।



# बाबा तरसेम सिंह के हत्यारोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

नानकमत्ता में बाबा तरसेम सिंह की हत्या कर फरार हुए दोनों शूटर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। पुलिस शूटरों को पकड़ने के लिए विभिन्न राज्यों में दबिश दे रही हैं। जिले के विभिन्न हिस्सों के साथ ही रामपुर जिले के कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस दोनों शूटरों पर इनाम रखने के बाद अब उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने की तैयारी कर रही है।

दरअसल, बाबा तरसेम सिंह की हत्या करने के बाद दोनों शूटर सर्बजीत सिंह और अमरजीत सिंह पीलीभीत से होकर भागे थे। पुलिस लगातार दोनों की तलाश में यूपी से पंजाब तक दबिश दे रही है। सर्बजीत के सोशल मीडिया एकाउंट से उनके ढाका पहुंचने की पोस्ट चर्चा में है। यह पोस्ट जानबूझकर पुलिस को गुमराह करने को की गई या फिर वे सही में ढाका पहुंच गए हैं यह जांच का विषय है।

दोनों का इतनी जल्दी ढाका पहुंचना गले नहीं उतर रहा है। सूत्रों के अनुसार पंजाब पुलिस की मदद से तरनतारन में सर्बजीत के बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। उसके परिजन और सहयोगियों से पूछताछ की जा रही है। जिले के विभिन्न जगहों के अलावा सीमा के लगे यूपी क्षेत्र से कुछ आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से पूछताछ की गई है। पुलिस मानने के लिए तैयार नहीं है कि दोनों शूटर इतनी जल्दी ढाका पहुंच गए हैं। इसे शूटरों का पुलिस को गुमराह करने का हथकंडा माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों शूटरों के पासपोर्ट नहीं बने हैं।

# व्यायाम के सहायक अध्यापक दान सिंह को दी भावभीनी विदाई



नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरकारी विद्यालयों की शिक्षा की बात होते ही मन में जो तस्वीर आती है यह उस तस्वीरों से जुदा है। यहां शिक्षा के साथ मजाक नहीं हुआ है। गुरुजी लगभग 20 साल इस विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा देते रहे और जब विदाई का समय आया तो सबको रुला गए। यह नाता स्वार्थ के नहीं कुछ देने के संकल्प और अपनेपन का था। ऐसे रिश्ते बनाने वाले भले ही कम रह गए हो पर बन जाये तो भुलाये नहीं भूलते।

बात हो रही है नैनीताल जिले के भीमताल ब्लाक के राजकीय इंटर कालेज भूमियाधार में सहायक अध्यापक व्यायाम रहे दान सिंह बिष्ट के विदाई समारोह की। समारोह में उपस्थित रहे छात्र-छात्राएं,अभिभावक तथा सहयोगी शिक्षक तथा विभागीय अधिकारी व अन्य लोग भी भावुक थे। लगभग 20 साल इसी विद्यालय में शिक्षण के बाद 28 साल की राजकीय सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त होने पर गुरुजी बिष्ट भी अपने आखों में आंसू नहीं रोक पाये। बता दें कि बिंदुखता लालकुआ व मूल निवास गंगोलीहाट निवासी दान सिंह बिष्ट की राजकीय सेवा अल्मोड़ा जिले के अतिदुर्गम राजकीय इंटर कालेज नैनिचोगरखा से 1996 में शुरु हुई । वर्ष 2004 में वह स्थानातंरण होकर भूमियाधार आये, रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर खेलो में रुचि एवं एक अच्छे एथलीट होने के कारण उन्होंने खेल को ही अपना विषय चुना और अधीनस्थ चयन आयोग उत्तर प्रदेश से चयन होकर शिक्षा विभाग में राजकीय सेवा की। उनके कई छात्र राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल प्राप्त किये हैं। उनके विदाई समारोह में सभी भावुक थे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र कांडपाल समेत मनोज कांडपाल,दीप हरबोला, ग्राम प्रधान हरगोविंद रावत समेत मीनाक्षी टम्टा, तारा सिंह, अच्युत कुमार, हरीश लाल शाह,जितेंद्र पाठक आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र शुभम कुमार ने किया।

# श्रीमद् भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती ज्योलीकोट क्षेत्र के ग्राम सरियाताल में समाजसेवी कमला जीना के आवास पर स्वर्गीय किशन सिंह जीना एवं उनके दिवंगत पुत्रों कुंदन सिंह जीना व नंदन सिंह जीना तथा पौत्र स्वर्गीय भूपेंद्र जीना की स्मृति में नौ दिवसीय मोक्षदा श्रीमद् भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ पारंपरिक परिधानों में कलश यात्रा और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ किया गया।


# डीएम आवास के समीप एक माह से कूड़े का लगा ढेर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल में डीएम आवास के समीप बीते एक माह से कूड़ा नहीं उठने से स्थानीय लोग खासे परेशान हैं।

वर्तमान में इस मार्ग में सड़क का जीर्णोद्धार कार्य होने के चलते कूड़ा वाहन क्षेत्र तक नहीं पहुंच पा रहे हैं जिस कारण आवासीय क्षेत्र के समीप कूड़े के ढेर लग गए हैं। जिसके चलते क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। कई बार शिकायत के बाद भी कूड़ा नहीं उठने से क्षेत्रवासी गुस्से में हैं। लोगों ने कूड़ा नहीं उठने पर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। बता दें कि तल्लीताल क्षेत्र को डीएम आवास व कार्यालय से जोड़ने वाले कलेक्ट्रेट मार्ग का इन दिनों पुर्ननिर्माण कार्य चल रहा है। जिस कारण फ रिस्ट कंपाउंड क्षेत्र तक कूड़ा वाहन नहीं पहुंच पा रहे है। वाहनों के नहीं पहुंचने के कारण क्षेत्र स्थापित किये गए डस्टबिन के समीप कूड़े के ढ़ेर लग गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कूड़ा एकत्रित होने से दुर्गंध की समस्या बनी हुई है। जिससे संक्रामक बीमारी फैलने का भी खतरा है। कई बार नगर पालिका से इसको लेकर शिकायत की जा चुकी है लेकिन पालिका प्रशासन के कान में जूं नहीं रेंगी। कहा कि यदि 24 घंटे के भीतर एकत्रित कूड़े को क्षेत्र से नहीं हटाया गया तो वह लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेंगे। मामले में नगर पालिका के प्रभारी सफाई निरीक्षक हिमांशु चंद्रा ने बताया कि जल्द ही क्षेत्र से कूड़ा साफ कर दिया जाएगा।



# रोडवेज के तीन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रोडवेज के काठगोदाम व हल्द्वानी डिपो के तीन कर्मचारियों को रिटायरमेंट पर भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान रोडवेज कर्मचारियों ने उनके सेवाकाल की सराहना की।

हल्द्वानी डिपो के वरिष्ठ लिपिक चंदन सिंह बिष्ट और चालक पीसी आर्य को सेवानिवृत्ति होने पर भावभीनी विदाई दी गई। हल्द्वानी बस स्टेशन में हुए समारोह में दोनों कर्मचारियों के सेवाकाल की सराहना की गई। विदाई समारोह में सहायक महाप्रबंधक हल्द्वानी डिपो सुरेंद्र सिंह बिष्ट, उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सुयाल, रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, परिषद के प्रदेश अध्यक्ष आन सिंह जीना, बीके शर्मा, शेखरानंद पाण्डे, नवनीत कपिल, गौरव जोशी, गिरीश बिरखानी, नवीन सिंह नेगी, पूरन जोशी, ललित पांडे, श्याम सिंह साही, मनोज भट्ट समेत तमाम कर्मचारी मौजूद थे। उधर काठगोदाम डिपो में बुकिंग लिपिक व कर्मचारी नेता ज्ञानप्रकाश के रिटायरमेंट पर सभी यूनियनों के सदस्यों की ओर से विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञान प्रकाश भवाली डिपो में उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष व मंत्री पद की जिम्मेदारी भी निभा चुके हैं।

विदाई समारोह में ज्ञानप्रकाश भावुक हो गए। उन्होंने परिवहन निगम को 35 वर्ष की सेवा दी। समारोह में उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, प्रदीप शर्मा, महेश राणा, मनोज भट्ट, किशनराम, सुभाष मिश्रा, अजय शर्मा, आनंद बिष्ट, पूरन जोशी, जगत बोरा, सुरेश आर्या, राजवीर सिंह, रामकुमार, कमल बिष्ट, निरंजन कुमार, वीरेंद्र बिष्ट, नाजिम खां आदि मौजूद थे।

